पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित 16.06.2023 इस अंक का मूल्य 2 रूपये


।। ओ३म् ।।



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444


## जम्मू शिविर का समापन

रविवार 18 जून 2023,
प्रातः 10 से 1.00 बजे तक
आर्य समाज जानीपुर जम्मू
आप सादर आमंत्रित हैं
—सुभाष बब्बर,संयोजक

वर्ष-40 अंक-02 आषाढ़-2080 दयानन्दाब्द 200 16 जून से 30 जून 2023 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशितः 16.06.2023, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर हर्षोल्लास से सम्पन्न

**महर्षि दयानंद का सन्देश घर घर पहुंचाने का संकल्प लें—डा. अशोक कु चौहान**

**युवा निर्माण का कार्य परिषद तीव्र गति से चलाएगी —राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**






नोएडा, रविवार, 11 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44,नोएडा में डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में चल रहे 'आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। एमिटी शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अशोक कुमार चौहान ने आह्वान किया कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती पर महर्षि दयानंद का सन्देश घर घर पहुंचायें। यह सुसंस्कारित युवा देश और विश्व को बदलेंगे,उन्होंने कहा की महर्षि दयानंद क्रांतिकारियों के सिरमौर थे,उनका जीवन सदियों तक समाज का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।उन्होंने अनिल आर्य को सुन्दर आयोजन के लिए बधाई और आशीर्वाद दिया। प्रिंसिपल रेनू सिंह ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने नारी उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है,महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं,उनको और अधिक सम्मान देने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा आर्य युवक परिषद् सराहनीय कार्य कर रही है मेरी शुभकामनाएं सदैव इनके साथ है। केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि परिषद् चरित्र निर्माण शिविरों का अभियान चलाएगी।युवाओं को मातृ पितृ भक्त,देश भक्त,ईश भक्त बनाने का लक्ष्य है,जब ऐसे युवा तैयार होंगे तो माता पिता वृद्ध आश्रम नहीं जाएंगे। इस अवसर पर डीके गर्ग,चौधरी मंगल सिंह,ब्रिगेडियर मुक्ति कांत महापात्रा, कैप्टन अशोक गुलाटी, स्वामी सूर्य वेश,माता कांता काम्बोज,राज सरदाना आदि ने भी अपने विचार रखे। एमिटी के श्री रोहित कपूर ने शिविरार्थियों से कहा कि शुरू से ही आपकी गतिविधियों को देखता रहा हूं आज आपके भव्य प्रदर्शन को देख कर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बच्चो को शुभ कामनाएं दी,और कहा आप देश का नाम रोशन कीजिएगा। आर्य गायक रमेश चंद्र स्नेही, प्रवीण आर्य,पिंकी आर्या, दीना नाथ नागिया के मधुर भजन हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के माध्यम से आचार्य मनोज शास्त्री ने किया। शिक्षक योगेन्द शास्त्री, सौरभ गुप्ता,नसीब सिंह,वीरेन्द्र आर्य,विकास कुमार आदि ने शिविरार्थियों को जो आठ दिनों में सिखाया गया शिविरार्थियों द्वारा योगासन, प्राणायाम,लाठी, बाक्सिंग,सैनिक शिक्षा का भव्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे। प्रमुख रूप से सुश्री आस्था आर्या, कमल आर्य, यज्ञवीर चौहान, अरूण आर्य, विवेक अग्निहोत्री, त्रिलोक सिंह, कैप. रोहित कपूर,रोहित आर्य, रामदेव आर्य ,सुभाष शर्मा,आशा आर्या, डा प्रमोद सक्सेना आदि उपस्थित थे।



# श्रावणी पर्व पर युवा संस्कार अभियान चलाया जाएगा

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने श्रावणी पर्व पर **शनिवार 12 अगस्त से रविवार 20 अगस्त 2023 तक देश भर मे 'युवा संस्कार अभियान'** चलाने का निश्चय किया है। इसके अन्तर्गत सभी शाखाएं यज्ञ, प्रवचन व भजन के कार्यक्रम रखेगी, जिसमें आयु वर्ग 12 वर्ष से 20 वर्ष तक के युवाओं को यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। **रविवार 3 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'महर्षि दयानंद सरस्वती जी' की 200 वी जयंती समारोह का आयोजन होगा।** सभी आर्य जन व आर्य युवक नोट कर लें एवम तैयारी प्रारम्भ कर दें। अपने क्षेत्र के कार्यक्रम से शीघ्र अवगत करवाएं।

**—अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर द्वितीय दिवस

**महर्षि दयानंद युग दृष्टा थे – आर्य रविदेव गुप्ता**

**हंसना स्वस्थ जीवन का आधार –योगगुरू जितेन कोही**





नोएडा,सोमवार, 5 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में चल रहे 'आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' के द्वितीय दिवस पर सम्बोधित करते हुए वैदिक विद्वान् आर्य रवि देव गुप्ता ने कहा कि महर्षि दयानंद युग दृष्टा थे उन्होने अपनी सोच से समाज की दिशा बदल डाली।उनकी छाप हर क्षेत्र में दिखाई देती है पाखण्ड अंधविश्वास,कुरीतियों पर सीधा प्रहार किया और तर्क शक्ति का विकास किया।देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा अनेकों नौजवान उनसे प्रेरणा लेकर आजादी के आन्दोलन में कूद पड़े।आज महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शो संदेशों को घर घर पहुंचाने की आवश्यकता है। हास्य योग गुरु जितेन कोही ने सुन्दर हास्य योग करवाए उन्होने कहा कि हंसी स्वस्थ जीवन का आधार है अतः हंसने मुस्कराने की आदत बनाए।हंसता मुस्कुराता चेहरा सबको अच्छा लगता है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि चरित्रवान युवा राष्ट्र की संपति है हम संस्कारित भावी पीढ़ी का निर्माण करेंगे। आर्य गायक रमेश चंद्र स्नेही, पिंकी आर्या के मधुर भजन हुए। यज्ञ आचार्य मनोज शास्त्री ने करवाया। शिक्षक योगेन्द शास्त्री, सौरभ गुप्ता, नसीब सिंह, वीरेन्द्र आर्य, विकास कुमार ने योगासन प्राणायाम, लाठी, बाक्सिंग आदि आत्म रक्षा शिक्षण दिया।

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर तृतीय दिवस

**चरित्र निर्माण से होगा राष्ट्र निर्माण–विमलेश बंसल दर्शनाचार्य**





नोएडा, मंगलवार 6 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में तृतीय दिवस सम्बोधित करते हुए आचार्य विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि चरित्रवान युवक ही राष्ट्र निर्माण करेंगे। आज ऐसे ही युवकों की आवश्यकता है जो समाज को नई दिशा दे सकें, उन्होंने देश के महान क्रांतिकारियो के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके व्यक्तित्व का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने वीर हनुमान जैसा व्यक्तिव की चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन अदभुत था। महर्षि दयानन्द का जीवन हम सभी के लिए ज्योतिपुंज की तरह हैं जो सदियों तक हम सभी का मार्गप्रशस्त करता रहेगा।सुंदर व्यक्तिव के लिए वेशभूषा,वाणी, व्यवहार,विनम्रता,स्वस्थ शरीर आवश्यक है युवकों को ये गुण जीवन में अपनाना चाहिए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की अद्भुत व्यक्तिव अनजान व्यक्तिव को भी अपना बना लेता है।व्यक्ति के गुणों से आचरण से उसकी पहचान होती है और उसके माता पिता गुरुजन भी यश को प्राप्त करते है। श्री रमेश चंद स्नेही, पिंकी आर्या, नसीब सिंह के भजन हुए।कमल आर्य जी एवं पूजा सलूजा ने बच्चो को अच्छे गुण धारण करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य मनोज शास्त्री ने यज्ञ कर के कराया।

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर चतुर्थ दिवस

**जीवन में सफलता का आधार कर्म है–डॉ.अल्का आर्या (निदेशक,डी.डी.ए.)**

**पाखंड व अंधविश्वास समाज का शत्रु–विजय भूषण आर्य**






नोएडा,बुधवार, 7 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44,नोएडा में डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में चल रहे 'आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' के चतुर्थ दिवस पर विद्वानों द्वारा युवकों को कर्मफल सिद्धान्त व वैदिक सिद्धांत के विषय पर बोलते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण की निदेशक डॉ. अल्का आर्या ने कहा कि मनुष्य अपना कर्म करते हुए ही जीवन में सफलता को प्राप्त करता है।यही ज्ञानयोग और भक्तियोग का भी आधार है। सुख–दुख लाभ–हानि एवं यश–अपयश के हेतु स्वयं मनुष्य के कर्म हैं। (शेष पृष्ठ 4 पर)

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का छटा दिवस

**ऊर्जावान व्यक्तित्व सबको आकर्षित करता है – आचार्य गवेंद्र शास्त्री**

**स्वस्थ जीवन खुशियों का आधार – डॉ. सुषमा आर्या**




नोएडा, शुक्रवार 9 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में चल रहे 'विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में सम्बोधित करते हुए आचार्य गवेंद्र शास्त्री ने कहा कि अपने जीवन को ऊर्जावान बनाएं,ऊर्जावान व्यक्तित्व सबको आकर्षित करता है।उन्होंने कहा कि महापुरुषों व क्रांतिकारियो की जीवनी पढ़ें वह आपका जीवन बदल देगी।शिविरों के माध्यम से व्यक्ति के जीवन का निर्माण होता है और उसकी स्मृतियां सदैव याद रहती हैं। डॉ. सुषमा आर्या ने कहा कि उत्तम स्वास्थ के लिए आहार, विहार,दिनचर्या व्यवस्थित रखें। दिन का भोजन शारीरिक श्रम के अनुसार एवं रात का भोजन हल्का व सुपाच्य होना चाहिए।सामान्य घरेलू उपाय के माध्यम से अनेकों रोगों को दूर रखा जा सकता है। आचार्य श्रुति सेतिया ने कहा कि आर्य समाज एक सुधारवादी आन्दोलन है,इसके साथ जुड़ कर व्यक्ति पत्थर से हीरा बन जाता है। मुख्य अतिथि रामलुभाया महाजन ने कहा कि व्यक्ति को निरन्तर पुरुषार्थी कर्मशील रहना चाहिए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि परिषद युवा निर्माण कार्य जारी रखेगी। युवाओं के भव्य व्यायाम प्रदर्शन होंगे,सभी आर्य जन सपरिवार पहुंच कर आशीर्वाद दें। पिंकी आर्या,रमेश चंद्र स्नेही के मधुर भजन हुए। प्रमुख रूप से सौरभ गुप्ता, वीरेन्द्र आर्य, योगेन्द्र शास्त्री, अरूण आर्य, कमल आर्य, विकास कुमार, विवेक अग्निहोत्री, नसीब सिंह, प्रताप सिंह, आस्था आर्या, सुरेश आर्य आदि उपस्थित थे।

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का 7 वाँ दिन

**आर्य युवा राष्ट्र के भाग्य निर्माता बनेंगे –आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा (ग्वालियर)**


**भारत के गौरव पूर्ण इतिहास को पढ़े– राकेश आर्य (सम्पादक, उगता भारत)**




नोएडा,शनिवार, 10 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में चल रहे विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा के 7 वें दिन संबोधित करते हुए आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा (ग्वालियर) ने कहा कि यह चरित्र वान आर्य युवा राष्ट्र के भाग्य निर्माता बनेंगे। चरित्र धन सबसे बड़ा है जो जीवन में सफलता प्रदान करेगा।उन्होंने ओजस्वी उद्बोधन में महापुरुषों के जीवन को आत्मसात करने का आह्वान किया। उगता भारत के सम्पादक राकेश आर्य ने भारत के गौरव पूर्ण इतिहास की जानकारी दी उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लुप्त इतिहास को पढ़ना चाहिए।हमारा इतिहास उत्साह व स्वाभिमान का प्रतीक है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि जो जाति अपने महापुरुषों के इतिहास को जानकर गर्व नहीं करती वह निस्तेज होकर समाप्त हो जाती हैं। पिंकी आर्य, रमेश चंद्र स्नेही के मधुर भजन हुए।कर्नल संजय खरबंदा ने भी फौज में भर्ती होने का आह्वान किया। सभी विद्यार्थियों को आचार्य मनोज शास्त्री ने यज्ञोपवीत धारण करवाया।

# अमर शहीद प. रामप्रसाद बिस्मिल के 126 वें जन्मोत्सव पर कृतज्ञ राष्ट्र की श्रद्धांजलि

**बिस्मिल का बलिदान युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा पुंज रहेगा–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**



सोमवार,12 जून 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद प. रामप्रसाद बिस्मिल के 126 वें जन्मोत्सव पर ऑनलाइन विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि पं० रामप्रसाद बिस्मिल क्रांतिकारियों के सिरमौर रहे, उनसे प्रेरणा पाकर अनेकों नोजवान स्वतंत्रता–आंदोलन में कूद पड़े।अशफाक उल्ला खां और बिस्मिल की दोस्ती जगजाहिर थी एक कट्टर आर्य समाजी और एक कट्टर मुस्लिम,लेकिन राष्ट्र की बलिवेदी पर दोनों इकठ्ठे फांसी पर झूल गए इससे बड़ा सामाजिक समरसता का कोई ओर उदाहरण नहीं हो सकता।बिस्मिल ने देश की आजादी के लिए घर,परिवार सब छोड़ कर राष्ट्र के लिए सब कुछ होम कर दिया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि बिस्मिल के जीवन का कण कण राष्ट्र के लिए समर्पित था,उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा पुंज का कार्य करता रहेगा ।देश का दुर्भाग्य है कि बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों को इतिहास से विस्मृत करने का षडयंत्र किया गया और एक ही परिवार की पूजा अर्चना की गई, ष्उनकी तुर्बत पे नहीं एक भी दिया, जिनके खून से जले थे चिरागे वतन। आज महकते हैं मकबरे उनके जिन्होंने बेचे थे शहीदों के कफन। अनिल आर्य ने जोर देकर कहा कि यदि आजादी की रक्षा करनी है तो नई पीढ़ी को उनके

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# 8 दिवसीय आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का शुभारम्भ

**भारत के युवा विश्व को बदलेंगे–डॉ.अशोक कुमार चौहान**

**राष्ट्र निर्माण में आर्य युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे –डा. ठाकुर विक्रम सिंह**






नोएडा, शनिवार, 3 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' का शुभारंभ शिक्षाविद डा.अमिता चौहान व डॉ.अशोक कुमार चौहान के सान्निध्य में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में हुआ।शिविर में 200 आर्य युवक भाग ले रहे हैं।समारोह की अध्यक्षता आर्य नेता आनन्द चौहान ने की। एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के संस्थापक अध्यक्ष डा.अशोक कु चौहान ने कहा कि भारतीय युवा विश्व को नेतृत्व प्रदान कर उसे बदलेंगे।शिविर में भाग लेने वाले युवा जो भी वह लक्ष्य रखेंगे,उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अनिल आर्य जी भगवान के दूत हैं,देश का कैसे विकास हो?भगवान ने आपको इस मिशन के लिए भेजा है।हवन करने से भगवान सद्बुद्धि देता है।युवाओं यहां से प्रण करके जाना है कि हम विश्व को दिखाएंगे और पूरी दुनियां को बदलेंगे। वैदिक विद्वान् डा.जयेंद्र आचार्य (प्राचार्य,आर्ष गुरुकुल नोएडा) ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आप जो भी कार्य करें उस पर कोई उंगली न उठा सके।ऐसा चरित्रवान बनने के लिए आर्य समाज से जुड़े,जहां धर्म,परमात्मा और इंसान को इंसान बनाने का कार्य होता है। आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह (संस्थापक अध्यक्ष,राष्ट्र निर्माण पार्टी) ने ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया और कहा कि चरित्र वान युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।उन्होंने कहा कि वीर सावरकर युवा पीढ़ी के आदर्श हैं उन्होंने देश की आजादी में उल्लेखनीय योगदान दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने भी एक नई वैचारिक क्रांति को जन्म दिया जिससे प्रेरणा लेकर हजारो लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।हमें इन महापुरुषों के जीवन से गुण ग्रहण करना चाहिए। प्रधानाचार्या रेणु सिंह ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। सार्वदेशिक सभा के कोषाध्यक्ष माया प्रकाश त्यागी ने कहा कि पराई स्त्री को माता के सामान, पराए धन को मिट्टी के ढेले के सामान,व्यवहार स्वआत्मवत्त करें,शिक्षा ग्रहण करने तक ब्रह्मचर्य का पालन करें।तभी आप चरित्रवान बनेंगे और आपका कल्याण सम्भव हो सकेगा। आर्य नेता आनन्द चौहान ने कहा कि भावी युवा पीढ़ी चरित्रवान व संस्कारवान बने यही आर्य समाज का लक्ष्य है इन शिविरों से निकले युवा ईश्वर भक्त व राष्ट्र भक्त बनेंगे।परिषद निरंतर युवाओं के निर्माण में संलग्न है। प्रान्तीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते है जैसे बचपन में बनाओगे वे वैसा ही बनेंगे। पूर्व मेट्रो पोलेटिन मजिस्ट्रेट ओम सपरा ने कहा कि यह शिविर चुने हुए बच्चों,युवकों का एक सुंदर गुलदस्ता है जो योग, प्राणायाम,व्यक्तित्व निर्माण और चरित्र निर्माण का एक सप्ताह का यह अद्भुत प्रशिक्षण प्राप्त करके, अपने व्यक्तित्व का निखार करेंगे। गायक रमेश चंद्र स्नेही (हरिद्वार), कुसुम भण्डारी,पिंकी आर्या,नरेश प्रसाद,प्रवीण आर्य ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए। शिविर में 8 दिन तक युवकों को योगासन,दण्ड बैठक, लाठी, जूडो कराटे,आत्म रक्षा व साथ ही संध्या यज्ञ, भारतीय संस्कृति की जानकारी का शिक्षण दिया जायेगा जिससे वह अपनी पुरातन संस्कृति पर गर्व करना सीखें। मेजर जनरल आर के एस भाटिया, ब्रिगेडियर मुक्ति कांत महापात्र,अजय चौहान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कैप. रोहित कपूर, यशोवीर आर्य, देवेन्द्र भगत, धर्म पाल आर्य, योगेन्द्र शास्त्री,व्यायामाचार्य सौरभ गुप्ता, सुरेश आर्य,त्रिलोक शास्त्री, अरुण आर्य,राम कुमार आर्य,यज्ञवीर चौहान आदि उपस्थित थे।



**(पृष्ठ 2 का शेष)**

उन्होंने जीवन में अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। आचार्य विजयभूषण आर्य ने शिविरार्थियों को संगीतमय उपदेश के माध्यम से कहा कि ऋषि दयानन्द ने वेदों के प्रचार को सभी मनुष्यों का परम धर्म बताया है।युवाओं को अनेकों गीतों के माध्यम से पाखंड अंधविश्वास से बचने की प्रेरणा दी।उन्होंने ईश्वर के सर्वशक्तिमान गुण को परिभाषित करते हुए बताया कि जो अपने कार्यों को बिना किसी की सहायता के पूर्ण करे वह सर्वशक्तिमान है।उन्होंने जीवन में अनुशासन अपनाने पर जोर दिया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि वेदों के अनुसार मनुष्य जीवन के लक्ष्य हैं धर्म का पालन, सत्कर्मो से अर्थ की प्राप्ति, शास्त्र के अनुसार मर्यादित जीवन व्यतीत करना तथा ईश्वर का साक्षात्कार कर मोक्ष को प्राप्त करना।इसे धर्म,अर्थ,काम व मोक्ष भी कहा जाता है।सृष्टि के आरम्भ से ही हमारे पूर्वज ऋषियों, ज्ञानियों व योगियों को इन सब बातों का ज्ञान था। आर्य गायक रमेश चंद्र स्नेही, पिंकी आर्या के मधुर भजन हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के माध्यम से आचार्य मनोज शास्त्री ने किया। मुख रूप से योगेन्द शास्त्री, सौरभ गुप्ता,नसीब सिंह,वीरेन्द्र आर्य,विकास कुमार ने योगासन, प्राणायाम,लाठी,बाक्सिंग,सैनिक शिक्षा आदि आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिया। प्रमुख रूप से कमल आर्य, रामकुमार आर्य,यज्ञवीर चौहान, ममता चौहान,अरूण आर्य, विवेक अग्निहोत्री,त्रिलोक सिंह, कैप. रोहित कपूर,रोहित आर्य, रामदेव आर्य,आस्था आर्या आदि उपस्थित थे।

**(पृष्ठ 3 का शेष)**

त्याग,समर्पण, बलिदान से परिचित करवाना ही होगा,नोजवानो को बिस्मिल की फांसी से तीन दिन पहले लिखी आत्म कथा अवश्य पढ़नी चाहिये। राष्ट्रीय मंत्री देवेन्द्र भगत ने कहा कि आज के दौर में देश के युवाओं में बिस्मिल जैसे शहीदों का जीवन नयी ऊर्जा भरने का कार्य करेगा।पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एक महान् क्रांतिकारी, देशभक्त ही नहीं बल्कि एक उच्च कोटि के लेखक, कवि,शायर व साहित्यकार भी थे।इनकी लिखी हुई समस्त रचनाएँ बहुत ही जोशीली,क्रांतिकारी होती थीं देशभक्ति भावना से ओतप्रोत इस अमर बलिदानी का जन्म 11 जून सन् 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर जिले में हुआ था। सुप्रसिद्ध गायक रजनी गर्ग, रजनी चुग, पिंकी आर्या, जनक अरोड़ा,रवीन्द्र गुप्ता,प्रवीना ठक्कर, के ओजस्वी गीतों ने उत्साह पैदा किया।

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970